
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 230 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**बाहर से आता प्रदूषण



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 17 दिसंबर 2021



मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 11.0° | 40243.39

2 टाइफून राय के आते ही भागे लोग | 7 सौरभ गांगुली ने कही अय्यर की तारीफ

# उत्तराखंड ने देश को दिया सबसे ज्यादा खून

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी गुरुवार को परेड ग्राउंड में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करने देहरादून पहुंचे। यहां उन्होंने जनरल बिपिन रावत को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद राहुल गांधी ने पूर्व सैनिकों को स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। रैली में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। वहीं उत्तराखंड और अपने परिवार के बीच कुर्बानी का रिश्ता जोड़ा। कहा शायद मेरे परिवार का और उत्तराखंड का गहरा रिश्ता है। आज यहां आकर मुझे वो दिन याद आया जब 31 अक्टूबर को मेरी दादी इस देश के लिए शहीद हुईं थी। फिर मुझे 21 मई का दिन याद आया, जिस दिन मेरे पिता इस देश के लिए शहीद हो गए। मेरा और आपका कुर्बानी का रिश्ता है। जो कुर्बानी के उत्तराखंड के हजारों परिवारों ने दी है। वही कुर्बानी मेरे परिवार ने दी है। जिन लोगों ने अपनों को खोया है, वह इस रिश्ते को अच्छी तरह समझेंगे। जो सेना में हैं उन्हें यह बात गहराई से समझ आएगी।

कहा कि आज देश को बांटा जा रहा है, कमजोर किया जा रहा है। एक भाई को दूसरे भाई से लड़ाया जा रहा है। पूरी सरकार दो तीन पूंजीपतियों के लिए चलाई जा रही है। काले कानून, किसानों के खिलाफ उनकी मदद नहीं उन्हें खत्म करने को बनाए गए थे। किसान न डरे और न पीछे हटे। जिसके एक साल बाद प्रधानमंत्री हाथ जोड़कर कहते दिखे कि गलती हो गई, माफी मांगता हूं। जो 700 किसान शहीद हुए, उनके बारे में भाजपा के नेता सदन में कहते हैं कि किसी की मृत्यु नहीं हुई। पंजाब सरकार ने 400 किसानों को मुआवजा दिया, लेकिन केंद्र सरकार ने नहीं दिया। हिंदुस्तान के किसानों की आमदनी उनसे छीनी जा रही थी।

**उत्तराखंड को बेरोजगारी मुक्त बनाएंगे हम-हरीश रावतः** रैली के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि राहुल गांधी और बलिदान के बीच में एक अलग रिश्ता है। महावीर चक्र दीवान सिंह के बेटे, शहीद मेजर चित्रेश बिष्ट के पिता भी मंच पर हैं। इंदिरा गांधी की ललकार ने अमेरिका के बेड़े को बंगाल की खाड़ी छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। केदारनाथ आपदा में राहुल गांधी अकेले राष्ट्रीय नेता थे जो हमारे आंसू पोंछने आए।

## राहुल गांधी ने देहरादून में भरी हुंकार, पीएम मोदी पर भी हुए हमलावर

**प्रमुखता से लगाया गया जनरल बिपिन रावत का कटआउट**

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पारंपरिक ढोल–नगाड़ों के साथ सम्मान रैली में परेड ग्राउंड पहुंचे। इस दौरान उनके समर्थक भी साथ रहे। राहुल की रैली में सीडीएस जनरल बिपिन रावत का कटआउट भी प्रमुखता से लगाया गया। इसके साथ ही हेलीकॉप्टर हादसे में शहीद हुए सभी सैनिकों, अधिकारियों और जनरल रावत की पत्नी को श्रद्धांजलि देते हुए होर्डिंग भी लगाया गया।



### सीडीएस जनरल बिपिन रावत को श्रद्धांजलि दी

राहुल गांधी ने सबसे पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बिपिन रावत, उनकी पत्नी और सेना के जवानों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। राहुल ने अपनी यादें साझा करते हुए कहा कि जब मैं छोटा था, देहरादून के दून स्कूल में पढ़ा करता था। मैं यहां आपके साथ दो तीन साल रहा। आपने उस समय मुझे बहुत प्यार दिया।

### आज कठिन दौर से गुजर रहा है उत्तराखंडः नेता विपक्ष

नेता विपक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि आज का दिवस विश्व के इतिहास में अपनी अलग पहचान रखने का काम करता है। स्व. इंदिरा गांधी के नेतृत्व में पाकिस्तान के दो टुकड़े करने का काम हुआ। आज हम सब इंदिरा जी के उस सशक्त नेतृत्व को याद कर रहे हैं, जिसके लिए पूरी दुनिया उन्हें लौह महिला के तौर पर जानती है। उत्तराखंड के सेना के जवानों ने देश की हिफाजत करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया, हम उनको नमन करते हैं। देश की आजादी की लड़ाई लड़ते हुए नेहरू जी ने देहरादून की जेल में ही डिस्कवरी ऑफ इंडिया लिखने की शुरुआत की। कहा कि राहुल गांधी और हमारा जो साथ है, उसे कोई अलग नहीं कर सकता।

## संक्षिप्त समाचार

### 11 राज्यों तक पहुंचा कोरोना का नया वैरिएंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में ओमिक्रोन के मामलों में हर रोज बढ़ोतरी हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गुरुवार को चार नए मामले सामने आए जबकि गुजरात के मेहसाणा जिले की विजापुर तहसील के एक गांव में गुरुवार को एक 41 वर्षीय महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता ओमिक्रोन से संक्रमित पाई गई। इसके साथ ही देश में ओमिक्रोन के संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 78 हो गया है।

### प्राकृतिक खेती को जनआंदोलन बनाने का आग्रह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्राकृतिक और जीरो बजट फार्मिंग पर गुजरात में चल रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक खेती के फायदों के बारे में बताया और कहा कि इसका सबसे ज्यादा लाभ छोटे किसानों को होगा।

## विजय दिवस



## सीएम ने विजय दिवस पर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को विजय दिवस के अवसर पर गांधी पार्क देहरादून में शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि भारत के सैन्य इतिहास में 16 दिसम्बर वीरता व पराक्रम का ऐतिहासिक दिन है। मुख्यमंत्री ने देश की एकता एवं अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले जवानों को नमन करते हुए कहा कि हमारे इन जवानों की वजह से सभी चैन की नींद सोते हैं। देवभूमि उत्तराखंड की सदैव देशभक्ति व राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना रही है।

**उत्तराखंड की सदैव देशभक्ति व राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना रहीः सीएम**

पीएम मोदी ने हमेशा देश के सैनिकों का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया है। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजानदास, डीएम देहरादून डॉ. आर राजेश कुमार भी उपस्थित थे।

## आचार संहिता से पहले पूरे करें सारे कामः डीएम

**संवाददाता**

**निर्देश**

■नोडल अधिकारियों को डीएम ने दिए दिशा–निर्देश

देहरादून। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर राजेश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के ऋषिपर्णा सभागार में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को सकुशल और व्यवस्थित तरीके से संपादित करने के लिए जनपद में विभिन्न दायित्वों को संपादित करने के लिए नियुक्त किये गये नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारियों से उनके दायित्वों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सभी को समय रहते अपने से संबंधित दायित्वों को संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विधानसभा चुनाव से संबंधित ऐसे सभी कार्यों को पहले से ही पूर्ण करने को कहा जो कार्य आचार संहिता से पहले पूरे किए जा सकते हैं। लोगों की चुनाव में सकारात्मक और बढ़–चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करने से संबंधित स्वीप अभियान, कार्मिकों की नियुक्ति व उनका प्रशिक्षण, मतदान केन्द्रों का विभिन्न श्रेणी में निर्धारण और उसी अनुरूप न्यूनतम व्यवस्था स्थापित करने, सामान–सामग्री की टेंडरिंग प्रक्रिया, नये–पुराने व स्थानान्तरित मतदाताओं से संबंधित अधतन विवरण तथा उसकी ऑनलाइन डाटा फिडिंग तथा अन्य सभी ऐसी व्यवस्था जिसे आचार संहिता से पूर्व किया जाना है, उसकों तत्काल पूर्ण करें। उन्होंने सभी विधानसभाओं में निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों के वर्गीकरण, कम्यूनिकेशन की स्थिति, वहाँ पर रैम्प, पेयजल व्यवस्था इत्यादि का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने को कहा तथा पुलिस विभाग के समन्वय से जिला निर्वाचन कार्यालय को संबंधित सूचना को प्रेषित करने के निर्देश दिए। जनपद में 'डिस्ट्रिक्ट इलैक्शन मैनेजमेन्ट प्लान' तैयार किया जा रहा है उसके लिए सभी नोडल अधिकारी अपने से संबंधित डेटा निर्वाचन कार्यालय को शीघ्रता से प्रेषित करें।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


## अपरिपक्व पार्ट टाइम पालिटिशियन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को एक रैली को संबोधित 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की स्वर्ण जयंती के अवसर पर अपनी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी को याद नहीं देने पर केंद्र पर निशाना साधा। भाजपा ने उनके इस बयान पर पलटवार करते हुए उन्हें अपरिपक्व पार्ट टाइम पालिटिशियन बताया। साथ ही कहा कि उन्हें भारत के इतिहास के बारे में कुछ नहीं पता।

**राहुल गांधी पर भाजपा का पलटवार**

राहुल के इस बयान पर भाजपा नेता प्रल्हाद जोशी ने कहा कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी को भारत के इतिहास के बारे में कुछ भी पता नहीं है। राहुल गांधी एक अपरिपक्व पार्ट टाइम पालिटिशियन हैं।

वहीं केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा और राज्यसभा दोनों जगह 1971 में भारत–पाकिस्तान युद्ध में हुई जीत और जिन्होंने उस समय देश का नेतृत्व किया उनका उल्लेख किया गया है।